# सीमित निविदा सूचना

## निदेशालय विस्तार सेवायें
## राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,
## राजा पंचम सिंह मार्ग ग्वालियर–474002 (म.प्र.)

**एटिक भवन में तकनीकी डिस्प्ले बोर्ड बनाने एवं लगवाने हेतु सीमित निविदा (Short Term Tender) पुनः आमंत्रण सूचना**

निदेशालय विस्तार सेवायें, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय अन्तर्गत संचालित कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र (Agricultural Technology Information Center) एटिक भवन में लगाये जाने वाले कृषि तकनीकी डिस्प्ले बोर्ड की डिजाइनिंग, सप्लाई, इन्स्टॉलेशन हेतु इच्छुक एवं पात्र एजेसिंयों से सील बंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। सीमित निविदा प्रपत्र (Short Term Tender Form) निदेशालय विस्तार सेवायें कार्यालय, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि. राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर से 500/– नकद भुगतान करके कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सीमित निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की बेवसाइट (www.rvskvv.net) से भी डाउनलोड किया जा सकता है तथा प्रपत्र शुल्क 500 रूपये का अतिरिक्त डिमांड ड्राफ्ट **"निदेशक विस्तार सेवायें, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर"** को देय हो टेक्निकल विड के साथ अवश्य लगायें। इसके अतिरिक्त इच्छुक फर्म/सप्लायर को रू. 5000/– की धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट **"निदेशक विस्तार सेवायें, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर"** के नाम से देय हो" को जमा करवाना होगा। जिन फर्मों द्वारा प्रथम निविदा सूचना दिनांक 24.01.2022 के अनुसार निर्धारित प्रपत्र शुल्क 500 रूपये एवं धरोहर राशि 5000/– रूपये के साथ निविदा प्रस्तुत की गयी है उनको नवीन निविदा के साथ निर्धारित धरोहर राशि (Ernest Money) एवं प्रपत्र शुल्क पुनः जमा करवाने की आवश्यकता नही है। निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी। सीमित निविदा को अलग–अलग सीलबंद लिफाफों में, तकनीकी विड (Technical Bid) तथा फाइनेंशियल विड (Financial Bid) जिनको एक बड़े लिफाफे में सील बन्द करके 21 फरवरी, 2022 सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट से पहुंचाना सुनिश्चित करें।

10-2-2022

**निदेशक विस्तार सेवायें**

# निविदा की शर्ते

1. केवल निदेशालय विस्तार सेवायें, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र पर साफ एवं स्वच्छ रूप से भरी हुई दरे ही स्वीकार की जायेंगी तथा ओवरराइटिंग की हुई दरें अस्वीकार कर दी जायेंगी।
2. धरोहर राशि रू. 5000 (जो वापिसी योग्य होगी) किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की बैंक डिपोजिट (ड्राफ्ट) के रूप में निविदा फार्म के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। बैंक डिपोजिट, (ड्राफ्ट) निदेशक विस्तार सेवायें, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर को देय होगा।
3. समुचित रूप से भरी हुई निविदायें सील बंद लिफाफे में धरोहर राशि के साथ निदेशक विस्तार सेवायें, रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर के कार्यालय में दिनांक 21/02/2022 सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से प्राप्त हो जानी चाहिए, जो दिनांक 23/02/2022 को प्रातः 11:00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि निविदा खोलते समय समिति के समक्ष उपस्थित रह सकते हैं।
4. प्रत्येक निदिवदाकार को निविदायें निम्न सीलबंद लिफाफों में प्रेषित करनी होगीः–

   (अ.) प्रथम लिफाफे में धरोहर राशि रू. 5000 (जो वापिसी योग्य होगी) बैंक डिपाजिट, (ड्राफ्ट) के रूप में रखे तथा निम्न दस्तावेज भी प्रस्तुत करें एवं लिफाफे के ऊपर **'टेक्निकल बिड'** अंकित करें।

   I. फर्म/फर्मस्वामी के पेन नम्बर की प्रति।
   II. जी.एस.टी. नम्बर/सर्विस टेक्स नम्बर।
   III. आयकर रिटर्न की विगत 02 वर्षों की प्रतियाँ।
   IV. शासकीय/अशासकीय अनुभव का प्रमाण पत्र/कार्यादेश की छायाप्रति
   V. नियम व शर्तों पर सहमति हेतु निविदाकर्ता हस्ताक्षर करें।
   VI. निविदा फार्म 'अ'।

   (ब.) दूसरे लिफाफे में डिस्प्ले बोर्ड की दरों का विवरण **(निविदा फार्म 'ब')** रखें तथा लिफाफे पर **'फाइनेंशियल बिल'** अंकित करें।

   (स.) एक बड़े लिफाफे में उक्त दोनों लिफाफे रखें तथा उस पर "रा.वि.सिं.कृ.वि.वि.,ग्वालियर एटिक हेतु डिस्प्ले बोर्ड बनाने/लगवाने हेतु निविदा" अंकित कर स्वयं का पूरा पता (मो. नम्बर के साथ) एवं कार्यालयीन पता अंकित करें।
5. निविदा में दरें सभी करों (जी.एस.टी. आदि) डिजाइनिंग एवं इन्स्टॉलेशन दरों को सम्मिलित करते हुए दर्शायें।
6. उक्त कार्य हेतु किये जाने वाले भुगतान पर नियमानुसार आयकर एवं अन्य कर जो भी देय होगा नियमानुसार काटा जायेगा।
7. फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन होना अनिवार्य है।
8. कार्य आदेश देने के पूर्व कार्यालयीन अधिकारी फर्म के पास उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण कर सकते हैं।
9. कार्य हेतु **किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।** कार्यालय द्वारा वांछित कार्य पूर्ण तथा गुणवत्ता युक्त होने पर ही तत्वसंबंधी बिलों का भुगतान किया जायेगा।
10. कार्यालयीन समिति के अध्यक्ष द्वारा बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को निरस्त किया जा सकता है।
11. फर्म किसी संस्था से ब्लैक लिस्टेड न हों।
12. किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति महोदय का होगा।

10-2-2022

निदेशक विस्तार सेवायें,
राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि
विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**निदेशालय विस्तार सेवायें,**
**राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,**
**ग्वालियर (म.प्र.)**

## निविदा फार्म 'अ' (टेक्नीकल बिड)

1. निविदा कार का नाम एवं पता ..............................................................................................................

..............................................................................................................................................

2. निविदा प्रपत्र का मूल्य (प्रति प्रपत्र) रू. 500

   I. ड्राफ्ट क्र. .................................... दिनांक ................................ डी.डी. (संलग्न) या

   II. नगद रसीद क्र. ............................ दिनांक ............................. (संलग्न)

2. निविदा धरोहर राशिः रू. 5000/–

बैंक एफ.डी.आर. क्र. ......................... दिनांक ...................... राष्ट्रीयकृत बैंक ................... शाखा ..................

   I. फर्म/फर्म स्वामी के पेन नम्बर की प्रति।

   II. सर्विस टेक्स नम्बर/जी.एस.टी. नम्बर

   III. आयकर रिटर्न (अद्यतन/लेटेस्ट) हेतु विगत 2 वर्ष की आयकर रिटर्न की प्रति।

   IV. उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा पत्र (यदि कोई हो) संलग्न करें।

   V. शासकीय कार्यालय/विश्वविद्यालय आदि में कार्य करने का प्रमाण पत्र/कार्यादेश।

हस्ताक्षर
(निविदाकार/अधिकृत प्रतिनिधि)

# निदेशालय विस्तार सेवायें
## राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,
## ग्वालियर (म.प्र.)

### निविदा फार्म 'ब' (फायनेंशियल विड)

निविदा कार का नाम एवं पता ........................................................................................................................

........................................................................................................................................................

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक 21/02/2022 समय सायं 05:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि एवं समय दिनांक 23/02/2022 समय प्रातः 11:00 बजे

एटिक भवन में लगाने वाले कृषि तकनीकी डिस्प्ले बोर्ड हेतु दरें

| S. No. | डिस्प्ले बोर्ड हेतु तकनीकी विशिष्टताएं (Specifications) | Rate/Sq Fit (Including Designing and Installation charges) | GST and other applicable taxes, if any) | Total Rate/Sq Fit |
|---|---|---|---|---|
| A. | **Display board with Light / Illumination** | | | |
| 1. | Clip on Profile illumination display board with digital printing | | | |
| 2. | 50 mm Box profile with LED lights and digital fabric printing | | | |
| 3. | 75 mm Box profile with LED lights and digital fabric printing | | | |
| 4. | 100 mm Box profile with LED lights and digital fabric printing | | | |
| 5. | 100 mm Box profile with LED Tube lights and digital fabric printing | | | |
| B. | **Non lit Display board** | | | |
| 1. | 12 mm non lit aluminium anodized frame with acrylic print | | | |
| 2. | 12 mm non lit aluminium anodized frame with sun board print | | | |

नोटः–

1. डिस्प्ले बोर्ड का आकार लगभग 5'X3' प्रति बोर्ड होगा जो आवश्यकतानुसार घटाया/बढ़ाया जा सकता है।
2. डिस्प्ले बोर्ड का फ्रेम 12mm/25mm anodized aluminium का तैयार करना होगा।
3. विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा सप्लायर के पास उपलब्ध सुविधाओं को निरीक्षण किया जावेगा।
4. किसी प्रकार की STATUTORY REQUIREMENTS को पूरा करने की जिम्मेदारी सप्लायर की होगी।

हस्ताक्षर

(निविदाकार/अधिकृत प्रतिनिधि)